>

Ttile: Regarding the problems faced in Shivhar due to non availability of Currency Chest in Bank of Baroda.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर जिले में दर्जनों राष्ट्रीयकृत बैंक्स की शाखाएँ हैं । किन्तु, किसी भी बैंक के पास करेंसी चेस्ट नहीं है। शिवहर जिले के बैंक ऑफ बड़ौदा को आरबीआई ने इसके लिए लाइसेंस दे रखा है, जो इस जिले का लीड बैंक भी है। फिर भी वर्षों से लाइसेंस होने के बावजूद बैंक ऑफ बड़ौदा शिवहर में करेंसी चेस्ट नहीं खोल पा रहा है। इसलिए इस जिले के बैंक्स में लेन-देन का काम सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर जिले से कैश मँगाकर किया जाता है, जिसके कारण यहाँ के बैंक्स में अक्सर कैश की समस्या रहती है ।

मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि शिवहर जिले का लीड बैंक होने के नाते बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अलग से इसका कोई भवन नहीं है । इसके कारण लीड बैंक का कामकाज भी इसकी शाखा से ही संचालित होता है, जिससे बैंक में काफी भीड़ हो जाती है और लोगों को बैंकिंग से जुड़ी समस्याओं से जूझना पड़ता है। जिले के लीड बैंक के पास निजी भवन न होने के साथ ही पर्याप्त सुविधाएँ न होने के कारण बैंकिंग कामकाज में दिक्कतें आती हैं ।

अत: सरकार से मेरा अनुरोध है कि उपरोक्त सुविधाओं के लिए कदम उठाए जाएँ ।